तेजयुग न्यूज़ खेल
www.tejyug.com
epaper.tejyug.com

विराट और गंभीर बीच मैच में गले मिले

सिक्स पड़ने के बाद हर्षित ने डुप्लेसी को आउट किया, मैक्सवेल के 2 कैच छूटे

इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 7 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली और केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर एक-दूसरे से गले मिलते नजर आए। दोनों के बीच पिछले सीजन बहस हुई थी। आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल को 2 जीवनदान मिले, लेकिन वे इनका फायदा नहीं उठा सके और आखिर में कैच आउट ही हुए। हर्षित राणा ने फाफ डु प्लेसिस के खिलाफ सिक्स पड़ने के बाद अगली ही बॉल पर उन्हें पवेलियन भेजा। वहीं श्रेयस अय्यर ने छक्का लगाकर केकेआर को जिताया।

आरसीबी-केकेआर मैच के टॉप मोमेंट्स...

1. छक्का पड़ने के बाद हर्षित ने डु प्लेसिस को भेजा पवेलियन

बेंगलुरु की बैटिंग के दौरान दूसरे ओवर की पांचवीं बॉल पर फाफ डु प्लेसिस ने सिक्स लगाया। बॉलिंग कर रहे हर्षित राणा ने ऑफ स्टंप के बाहर गेंद फेंकी थी, लेकिन डु प्लेसिस ने स्कूप शॉट से 6 रन बटोर लिए। अगली गेंद हर्षित ने उसी टप्पे पर स्लोअर फेंक दी, डु प्लेसिस ने फिर स्कूप किया, लेकिन शॉर्ट फाइन लेग पर मिचेल स्टार्क के हाथों कैच हो गए। डु प्लेसिस ने 6 बॉल पर 8 रन बनाए।

2. 2 जीवनदान के बाद कैच आउट हुए मैक्सवेल

आरसीबी के विस्फोटक बैटर ग्लेन मैक्सवेल 2 जीवनदान मिलने का भी फायदा नहीं उठा सके। 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर रमनदीप सिंह ने डीप मिड-विकेट पोजिशन पर उनका कैच छोड़ा। इस वक्त वह 12 रन पर बैटिंग कर रहे थे। यहां सुनील नरेन बॉलिंग कर रहे थे। 14वें ओवर में फिर सुनील नरेन ने ही शॉर्ट थर्ड मैन पोजिशन पर मैक्सवेल का आसान कैच छोड़ दिया। हर्षित राणा की बॉलिंग पर उन्हें जीवनदान मिला, मैक्सवेल इस वक्त 21 रन के स्कोर पर बैटिंग कर रहे थे।

मैक्सवेल अपने 2 जीवनदान का ज्यादा फायदा नहीं उठा सके और 15वें ओवर में कैच आउट हो गए। उन्हें सुनील नरेन ने पवेलियन भेजा। मैक्सवेल डीप पॉइंट पोजिशन पर रिंकू सिंह के हाथों कैच हुए। उन्होंने 19 बॉल पर 28 रन बनाए।

3. बीच मैच में गले मिले विराट और गंभीर

आरसीबी के बैटर विराट कोहली और केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर बीच मैच में गले मिलते नजर आए। यह आरसीबी की बैटिंग के दौरान

डिंक्स ब्रेक के दौरान हुआ। दोनों ने मैच खत्म होने के बाद एक-दूसरे से हाथ मिलाया और फिर से गले भी मिले।

दोनों का गले मिलना इसलिए स्पेशल है क्योंकि पिछले साल इन्हीं 2 प्लेयर्स के बीच हुई बहस ने सुर्खियां बटोरी थीं। तब विराट तो आरसीबी का ही हिस्सा थे और गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर थे। तब मैच के बाद दोनों गुस्से में एक-दूसरे से बहस करते नजर आए थे। 2013 में गंभीर जब केकेआर के कप्तान थे, तब भी दोनों के बीच मैदान में बहस हुई थी। इसलिए दोनों का अब गले मिलना स्पेशल है।

4. श्रेयस ने लगाया विनिंग सिक्स

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सिक्स लगाकर टीम को जीत दिलाई। 17वें ओवर की पांचवीं बॉल मयंक डागर ने शॉर्ट पिच फेंकी। श्रेयस बैकफुट पर गए और मिड-विकेट की दिशा में सिक्स लगा दिया। श्रेयस ने 24 बॉल पर 39 रन बनाए।

500वें टी-20 में प्लेयर ऑफ द मैच बने नरेन

विराट आरसीबी से सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर, गेल को पीछे छोड़ा; रिकॉर्ड्स

सबसे ज्यादा टी-20 खेलने वाले खिलाड़ी

प्लेयर	मैच	देश
कायरन पोलार्ड	660	वेस्टइंडीज
ड्वेन ब्रावो	573	वेस्टइंडीज
शोएब मलिक	542	पाकिस्तान
सुनील नरेन	500	वेस्टइंडीज
आंद्रे रसेल	484	वेस्टइंडीज

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग के 10वें मैच में 17वें सीजन का अहम रिकॉर्ड टूटा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 7 विकेट से हरा दिया। इससे पहले हुए 9 मैच में होम टीमों ने ही जीत दर्ज की थी। प्लेयर ऑफ द मैच रहे सुनील नरेन ने अपने टी-20 करियर का 500वां मैच खेला।

आरसीबी के विराट कोहली ने आईपीएल में 52वीं फिफ्टी लगाई, इस पारी में 4 सिक्स शामिल रहे। इसी के साथ वह आईपीएल में एक टीम से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा।

500 टी-20 खेलने वाले चौथे प्लेयर बने नरेन

कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर सुनील नरेन ने शुक्रवार को अपने टी-20 करियर का 500वां मैच खेला। वह ऐसा करने वाले चौथे ही प्लेयर बने। उनसे पहले वेस्टइंडीज के ही कायरन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो यह कारनामा कर चुके हैं। वहीं पाकिस्तान के शोएब मलिक भी टी-20 करियर में 542 मैच खेल चुके हैं। नरेन ने अपने 500वें मैच को स्पेशल बनाया और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। उन्होंने एक विकेट लेने के साथ 22 बॉल पर 47 रन भी बनाए। उन्होंने 5 सिक्स लगाए, इसी के साथ उनके आरसीबी के खिलाफ 20 आईपीएल सिक्स भी पूरे हो गए।

विराट एक आईपीएल टीम से सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर बने

आरसीबी के विराट कोहली ने शुक्रवार को कोलकाता के खिलाफ 4 सिक्स लगाए। उनके आईपीएल में 241 सिक्स भी हो गए। वह साल 2008 से एक ही टीम के लिए खेल रहे हैं और अब एक आईपीएल टीम के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उनके बाद आरसीबी के ही क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स हैं। आरसीबी के लिए गेल ने 239 और डिविलियर्स ने 238 छक्के लगाए हैं।

विराट के वॉर्नर से ज्यादा 80+ स्कोर हुए

विराट कोहली शुक्रवार को 83 रन बनाकर नॉटआउट रहे, आईपीएल करियर में उन्होंने 16वीं बार 80 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया। इस मामले में वह डेविड वॉर्नर से आगे निकल गए, जिनके नाम 15 बार 80 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। इस रिकॉर्ड में क्रिस गेल पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने 17 बार 80 प्लस का स्कोर आईपीएल में बनाया है।

विराट के बेंगलुरु में 128 सिक्स हुए

विराट एक ही ग्राउंड पर सबसे ज्यादा टी-20 सिक्स लगाने के रिकॉर्ड में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गए। उनके बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 128 छक्के हो गए। उन्होंने एलेक्स हैल्स का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने ट्रेंट ब्रिज के मैदान पर 126 सिक्स लगाए हैं। क्रिस गेल इस रिकॉर्ड में पहले और दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने बेंगलुरु में 151 और मीरपुर में 138 छक्के लगाए हैं।

एक ग्राउंड पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने विराट

विराट कोहली के बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 3243 टी-20 रन हो गए। इसी के साथ वह एक ग्राउंड पर सबसे ज्यादा टी-20 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम को पीछे छोड़ा, जिन्होंने मीरपुर के मैदान पर 3238 रन बनाए हैं।

2000 रन बनाने के साथ 100 विकेट लेने वाले दूसरे प्लेयर बने रसेल

कोलकाता नाइट राइडर्स के आंद्रे रसेल ने शुक्रवार को बेंगलुरु के खिलाफ 2 विकेट लिए। इसी के साथ उनके आईपीएल में 100 विकेट भी पूरे हो गए, वह बैटिंग से 2326 रन बना चुके हैं। रसेल आईपीएल में 2000 रन बनाने के साथ 100 विकेट लेने वाले दूसरे ही खिलाड़ी बने। उनसे पहले सीएसके के रवींद्र जडेजा ही ऐसा कर सके। जडेजा के नाम 2724 रन के साथ 152 विकेट भी हैं।

एआईएफएफ मेंबर ने की महिला फुटबॉलर्स से मारपीट

इंडियन विमेंस लीग-2 की घटना, एक्जिक्यूटीव कमेटी के मेंबर के खिलाफ शिकायत दर्ज

हिमाचल प्रदेश स्थित क्लब, खाद एफसी की दो विमेंस फुटबॉलर ने एआईएफएफ (ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन) की एक्जिक्यूटीव कमेटी के मेंबर दीपक शर्मा के खिलाफ कुछ गंभीर आरोप लगाए हैं। फुटबॉलरों के मुताबिक, शर्मा ने गोवा में चल रहे इंडियन विमेंस लीग 2 के दौरान एक होटल के कमरे में उनके साथ मारपीट की। फुटबॉलरों ने शुक्रवार को एआईएफएफ में शिकायत दर्ज कराई। जबकि, हमला गुरुवार को हुआ था। फुटबॉलर्स के मुताबिक, शर्मा इस बात से नाराज थे कि प्लेयर्स खाना बना रहे हैं और उन्होंने उनके साथ मारपीट की। शर्मा हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव और एआईएफएफ कॉम्पिटिशन कमेटी के डेप्यूटी चेयरपर्सन है। फुटबॉलरों ने यह भी कहा कि घटना के समय शर्मा नशे में थे और जब वे हिमाचल प्रदेश से गोवा जा रहे थे तो वह उनके सामने शराब पी रहे थे। गोवा फुटबॉल एसोसिएशन की शिकायत के आधार पर दीपक शर्मा को मापुसा पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

रात में अंडे पकाने के कारण हुई बहस, फिर पीटा -पलक

फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक पलक वर्मा ने इस घटना के बारे में एनडीटीवी से बात करते हुए बताया, उस दिन, मैं मैच में चोटिल हो गई थी और अपने कमरे में अंडे लेकर आई थी। रात को करीब 10:30-11 बजे, मैं एक और खिलाड़ी ऋतिका ठाकुर के साथ किचन में अंडे बना रही थी। उस समय, सर ने हमें अपने कमरे में बुलाया। दूसरी लड़की उनके कमरे में गई और उनसे पूछा गया कि हम क्या कर रहे हैं। बताया कि अंडा तैयार किया जा रहा है। सर ने लड़की को डांटा और फिर मुझे अंदर बुलाया। उन्होंने अभद्र तरीके से पूछा कि मैं अंडा क्यों बना रही हूं। पलक ने बताया, मैंने उसे समझाया कि खाना खत्म हो गया है और इसलिए मैं कमरे में अंडा बना रही हूं। उस वक्त वह नशे में थे, उन्होंने मुझसे अंडे फेंकने को कहा और मैं रोने लगी और अपने कमरे में आकर दरवाजा पीटने लगी। इतना सुनते ही सर कमरे की ओर भागे और बिना खटखटाए कमरे में दाखिल हो गए। वे आए और हमारे साथ मारपीट की। मेरी रूममेट ने उसे रोका और फिर वह चले गए।

शिकायत करने पर शर्मा की पत्नी ने भी दबाव डाला

पलक बोली, घटना के बाद उनकी पत्नी, नंदिता आईं। वे एक क्लब की मैनेजर भी हैं, उन्होंने हम पर दबाव डाला। उन्होंने हमसे कहा कि हमारे अंदर कोई संस्कार नहीं है। हमने जीएफए (गोवा फुटबॉल एसोसिएशन) और एआईएफएफ में शिकायत दर्ज कराई है। वे जांच के लिए आये थे। उन्होंने शर्मा से कहा कि वह लिखकर दे दें कि हमें कोई नुकसान नहीं होगा। मेरी उम्र 21 साल है. हम पर अपनी शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। पलक ने कहा कि घटना के बाद से वह सो नहीं पाई हैं। वे खेलने में भी सक्षम नहीं हैं क्योंकि वे सही मानसिक स्थिति में नहीं हैं।

शिकायत मिलने के बाद दोनों से मुलाकात की - जीएफए उपाध्यक्ष

घटना के बारे में बात करते हुए, जीएफए के उपाध्यक्ष जोनाथन डिसूसा ने कहा, शिकायत मिलने के बाद, मैंने पार्टियों से मुलाकात की। आवश्यक कार्रवाई के लिए एआईएफएफ को एक रिपोर्ट भेजी जाएगी। डिसूसा बोले, मैं रात में होटल भी गया और मुझे लगा कि जीएफए के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज करना महत्वपूर्ण था। लेकिन हमारी भूमिका सीमित थी क्योंकि हम पीड़ित नहीं हैं और एफआईआर दर्ज नहीं कर सकते। लेकिन हमने लड़की की शिकायत पुलिस को भेज दी है और उन्हें इस बारे में सूचित कर दिया है।

बाबर फिर बन सकते हैं पाकिस्तान टीम के वाइट-बॉल कप्तान

बोर्ड ने प्रस्ताव दिया; वनडे वर्ल्ड कप के बाद छोड़ दी थी कप्तानी

बाबर आजम फिर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के वाइट-बॉल के कप्तान बन सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बाबर को एक बार फिर वाइट-बॉल की कप्तानी की पेशकश की गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस सप्ताह की शुरुआत में यह पेशकश करने के लिए बाबर से मुलाकात की थी। बाबर ने अभी तक यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद ही बाबर आजम ने तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद टेस्ट का कप्तान शान मसूद को और टी-20 फॉर्मेट का कप्तान शाहीन अफरीदी को बनाया गया।

तीनों फॉर्मेट में कप्तानी करना चाहते हैं बाबर

बाबर ने अब तक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने क्रिकइंफो से कहा है कि अगर उन्हें वापसी पर विचार करना है तो उन्हें तीनों फॉर्मेट में कप्तान नियुक्त किया जाए। बाबर के कप्तानी छोड़ने के बाद तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को नया टी-20 कप्तान बनाया गया था। टेस्ट में बैटर शान मसूद को कप्तानी सौंपी गई, वहीं वनडे में अभी तक नए कप्तान की घोषणा नहीं हुई है।

फॉर्मेट	मैच	जीते	हारे	ड्रॉ/टाई/NR
टेस्ट	20	10	6	4/0/0
वनडे	43	26	15	0/0/2
टी-20	71	42	23	0/6/0

न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा

शाहीन अफरीदी की कप्तानी में टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, शान मसूद की कप्तानी में पाकिस्तान टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार झेलनी पड़ी थी।

बाबर की कप्तानी में टीम वनडे और टी-20 की टीम रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंची

बाबर की कप्तानी में पाकिस्तान टीम वनडे और टी-20 की टीम रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंची थी। उन्हीं की कप्तानी में टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में पहुंची थी, लेकिन टीम को इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

आरसीबी की टीम पूरी तरह असंतुलित

ब्रॉड बोले- टीम का बॉलिंग लाइनअप बैटिंग की तरह मजबूत नहीं

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड ने 29 मार्च, शुक्रवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोलकाता से हार के बाद बेंगलुरु को असंतुलित टीम कहा। ब्रॉड ने शुक्रवार को स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत करते हुए आरसीबी की बॉलिंग पर सवाल उठाए। कोलकाता ने आरसीबी के घरेलू मैदान पर अपना दबदबा जारी रखते हुए स्टेडियम में लगातार छठी जीत दर्ज की। वे इस सीजन में विरोधी टीम के घरेलू मैदान पर मैच जीतने वाली पहली बाहरी टीम भी बन गईं। आरसीबी को सीजन की दूसरी हार का सामना करना पड़ा क्योंकि केकेआर ने उसे 7 विकेट से हराकर आसान जीत दर्ज की।

आरसीबी की बॉलिंग उनकी बैटिंग की तरह नहीं - ब्रॉड

ब्रॉड का मानना है कि आरसीबी की गेंदबाजी उनकी बल्लेबाजी की तरह मजबूत नहीं है। ब्रॉड बोले, आप केकेआर के जीतने पर उनकी तारीफ करेंगे। हालांकि,आपको आरसीबी की गेंदबाजी को भी देखना होगा, जिस तरह

केकेआर ने धीमी पिच पर कटर और स्लो गेंद का यूज किया, वह देखना होगा। स्लो गेंद के कारण विराट कोहली के लिए भी बैटिंग करना बहुत मुश्किल रहा, जो पूरे समय गेंद को लगातार टाइम करने में सक्षम नहीं थे। वे सिर्फ तेज गेंदबाजों को बेहतर तरीके से खेल पा रहे थे। दूसरी ओर आरसीबी की गेंदबाजी बुरी रही। ब्रॉड बोले, आरसीबी के साथ ऐसा ही होता है। मुझे लगता है कि कई सालों से उनकी बल्लेबाजी मजबूत रही है, और उनके पास स्टार पावर है, लेकिन फिर भी उनका बॉलिंग लाइनअप उन्हें गेम जिताने में सक्षम नहीं दिखती है। यह थोड़ी असंतुलित टीम लगती है।

पावरप्ले में आरसीबी के बॉलर्स पर केकेआर ने किया अटैक

पावर-प्ले में आरसीबी की शानदार शुरुआत के बावजूद पिच धीमी हो गई थी और विराट कोहली समेत बल्लेबाजों को बड़े शॉट लगाने में दिक्कत हो रही थी। कोहली की 83 रन की पारी ने आरसीबी को 182 रन के अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। हालांकि, केकेआर के सुनील नरेन और फिल साल्ट की सलामी जोड़ी ने पहले 6 ओवरों में 85 रन बनाकर पावर प्ले के अंदर ही आरसीबी के लिए लक्ष्य हासिल कर लिया। ब्रॉड ने बताया कि आरसीबी के गेंदबाजों ने लेंथ सही नहीं रखी और इसलिए केकेआर के बल्लेबाजों ने लगातार अटैक किया। केकेआर के आंद्रे रसेल और हर्षित राणा ने बॉल को लाइन में रखा जिसे आरसीबी के बैटर्स को रोके रखा। वहीं, दूसरी ओर आरसीबी के बॉलर्स ऐसा नहीं कर सके।

मैट हेनरी लखनऊ सुपर जाइंट्स में शामिल हुए

डेविड विली के रिप्लेसमेंट के तौर पर बेस प्राइस 1.25 करोड़ में टीम से जुड़े

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया है। हेनरी इंग्लैंड के ऑलराउंडर डेविड विली के रिप्लेसमेंट के तौर में आए हैं। विली निजी कारणों से टूर्नामेंट से हट गए हैं। हेनरी बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपए में एलएसजी में शामिल हुए। हेनरी इससे पहले आईपीएल में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने अब तक दो आईपीएल मैच खेले हैं। यह दोनों मैच 2017 में पंजाब किंग्स के लिए खेले थे। उन्होंने इस दौरान एक विकेट लिया।

लखनऊ को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा-लखनऊ सुपर जायंट्स को टूर्नामेंट के पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम जीत की स्थिति में पहुंच गई थी, लेकिन कप्तान केएल राहुल की 132 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग और निकोलस पूरन की फिनिश नहीं करने पाने की कमजोरी से टीम हार गई। लखनऊ इस सीजन आज अपना दूसरा मुकाबला पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी।

विराट ने रिंकू को अपना बैट गिफ्ट किया

कोहली ने दी जीत की बधाई--रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह को अपना विलो बैट गिफ्ट किया। शुक्रवार, 29 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट की आरसीबी और रिंकू की टीम केकेआर के बीच मुकाबला हुआ। मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी एक-दूसरे से मिले और हाथ मिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी।

रिंकू आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में गए-मैच के बाद रिंकू सिंह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ड्रेसिंग रूम में गए। आरसीबी एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें विराट कोहली केकेआर बैटर रिंकू सिंह को अपना बैट गिफ्ट में देते हुए कैद किया और दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया।

कोहली ने केकेआर के खिलाफ अर्धशतक जमाया-केकेआर के खिलाफ गुरुवार को बेंगलुरु में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन का स्कोर बनाया। टीम की ओर से एकमात्र अर्धशतक विराट कोहली ने जमाया। कोहली ने 59 बॉल पर 83 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 4 छक्के मारे। कोहली ने लीग में 52वीं फिफ्टी जमाई। जवाब में कोलकाता ने 183 रन का टारगेट 16.5 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।